प्रेषक,

संख्या–1917/81–2–2021–800(106)/2021

आर0 पी0 सिंह,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/
नोडल अधिकारी
उ0प्र0, लखनऊ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 27 जनवरी, 2022

विषयः– जनपद सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग के अनपरा रेंज के अन्तर्गत नार्दन कोल फील्ड लि0 की बीना परियोजना के बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50 हे0 आरक्षित वनभूमि का 30 वर्षो के लीज पर हस्तान्तरण किये जाने एवं बाधक 14000 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

महोदय,

Adso
cf/Nodal
27-1-22

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र सं0–1330/11–सी–लखनऊ, दिनांक 25.10.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग के अनपरा रेंज के अन्तर्गत नार्दन कोल फील्ड लि0 की बीना परियोजना के बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50 हे0 आरक्षित वनभूमि का 30 वर्षो के लीज पर हस्तान्तरण किये जाने एवं बाधक 14000 वृक्षों के पातन की अनुमति विषयक प्रकरण में वनभूमि को 30 वर्षो के लीज पर दिये जाने की निर्धारित तिथि (कब से कब तक) क्या होगा? तथा इसका आशय Previous Years से है। कृपया इस संबंध में संस्तुति सहित आख्या शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर0 पी0 सिंह)
अनु सचिव,

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 2232 /11–सी–FP/UP/Min/24551/2017, लखनऊ, दिनांकः जनवरी 27 ,2022

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित है कि उ0प्र0 शासन द्वारा उपरोक्त वांछित सूचना/आख्या संस्तुति सहित इस कार्यालय को तत्काल तीन प्रतियों में प्रेषित करने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि– प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट को इस आशय से प्रेषित है कि उ0प्र0 शासन द्वारा उपरोक्त वांछित सूचना/आख्या संस्तुति सहित इस कार्यालय को मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से तीन प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि– महाप्रबन्धक, नार्दन कोल फील्डस लि0, बीना परियोजना, बीना–सोनभद्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।